Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Railway Yard at Mehsana

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा): माननीय सभापति महोदय, महेसाणा में रेलवे यार्ड के कर्मचारी मौजूद हैं, लेकिन रेलवे यार्ड कार्यरत नहीं है । महेसाणा में पहले यार्ड हुआ करता था । अभी की अगर हम बात करें, तो महेसाणा उत्तर गुजरात का केंद्र बिंदु है । पाटण, बनासकांठा जिले की सारी ट्रेनें महेसाणा से होते हुए जाती हैं और महेसाणा से वडनगर से अम्बाजी से राजस्थान को जोड़ता हुआ नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है । महेसाणा में यार्ड फिर से शुरू करने से ट्रेनों के रख-रखाव में काफी फायदा होगा और यार्ड कर्मचारी मौजूद होने से अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं होगा ।

आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान महेसाणा में रेलवे यार्ड फिर से कार्यरत करने हेतु आकृष्ट करना चाहती हूं । धन्यवाद ।